खेलो एमपी यूथ गेम्स-2023 सितंबर से होंगे शुरू

चर्चा में क्यों?

5 जुलाई, 2023 को मध्य प्रदेश की खेल एवं युवा कल्याण मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने विभागीय अधिकारियों के साथ खेलो एमपी यूथ गेम्स की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के मंशानुसार सितंबर माह में 'खेलो एमपी यूथ गेम्स-2023' का आयोजन किया जाएगा।

प्रमुख बिंदु

- उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में पहली बार हुए खेलो इंडिया यूथ गेम्स की सफलता के बाद घोषणा की थी कि अब 'खेलो एमपी यूथ गेम्स-2023' का आयोजन किया जाएगा।
- खेल मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने कहा कि 'खेलो एमपी यूथ गेम्स' सभी 52 ज़िलों में तीन चरणों- ज़िला, संभाग और राज्य स्तर पर होगा।
- 'खेलो एमपी यूथ गेम्स' में 24 खेल- एथलेटिक्स, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, बॉक्सिंग, फुटबॉल, हॉकी, जूडो, कबड्डी, खो-खो, मलखंब, शूटिंग, तैराकी, वेटलफि्टिंग, कुश्ती, टेबल-टेनिस, योगासन, ताईक्वांडो, व्हालीबॉल, क्याकिंग-केनोइंग, रोइंग, फेंसिंग, तीरंदाजी, शतरंज और टेनिस में 18 वर्ष से कम आयु के युवा अपने प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।
- राज्य स्तर पर एथलेटिक्स एवं शूटिंग प्रतियोगिताएँ स्पोर्ट्स कांपलेक्स शिवपुरी में होगी। भोपाल के टी.टी. नगर स्टेडियम में बाक्सिंग, ताईक्वांडो, जूडो, फेसिंग, टेनिस, बड़ी झील में क्याकिंग कैनोइंग और रोइंग तथा तरण पुष्कर भोपाल में तैराकी प्रतियोगिताएँ होंगी।
- बालाघाट के मुलना स्टेडियम में पुरूष फुटबॉल, इंदौर के बास्केटबॉल काम्पलेक्स में बास्केटबॉल और वेटलफि्टिंग, अभय प्रशाल में व्हालीबॉल, एमरॉल्ड हाईव्स स्कूल में महिला फुटबॉल प्रतियोगिताएँ होंगी।
- ग्वालियर में म.प्र. बैडमिंटन अकादमी कैंप में बैडमिंटन और म.प्र. महिला हॉकी अकादमी में हॉकी की स्पर्धाएँ होंगी। मलखंब और योगासन प्रतियोगिताएँ स्पोर्टस कॉम्पलेक्स उज्जैन, खो-खो और तीरंदाजी जबलपुर के रानीताल स्पोर्ट्स काम्पलेक्स (क्रिकेट स्टेडियम) में होंगे।
- स्पोर्ट्स काम्पलेक्स रीवा में कबड्डी, कटनी के इंडोर हॉल माधव नगर में टेबल-टेनिस एवं शतरंज और खंडवा के श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में कुश्ती की प्रतियोगिताएँ होंगी।
- व्यक्तिगत खेलों में प्रथम स्थान पाने वाले खिलाड़ी को 51 हज़ार, द्वितीय को 31 हज़ार तथा तृतीय स्थान के विजेता को 21 हज़ार रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा।
- दलीय खेलों में प्रथम स्थान के विजेता को 5 लाख, द्वितीय स्थान के विजेता को 3 लाख और तृतीय स्थान के विजेता को 2 लाख रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा।
- खेल मंत्री सिंधिया ने बिशनखेड़ी स्थित मध्य प्रदेश शूटिंग अकादमी में निर्माणाधीन फाइनल रेंज के कार्यों का जायजा लेते हुए कहा कि एनआरएआई के तकनीकी सहयोग से निर्मित फाइनल रेंज अंतर्राष्ट्रीय मानकों को पूरा करेगा।
- उन्होंने कहा कि आईएसएसएफ के अध्यक्ष लूसियानो रौसी ने भोपाल प्रवास के दौरान मध्य प्रदेश शूटिंग अकादमी को दुनिया की सबसे खूबसूरत और सर्वसुविधायुक्त शूटिंग रेंज का दर्जा दिया था।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/khelo-mp-youth-games-2023-starts-in-september